पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India

पंचायती राज

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India

# National Panchayati Raj Day

24 April 2021

# Press Coverage

पंचायती राज

# INDEX


| S.No. | | Page |
|---|---|---|
| 1. | Press Information Bureau, Bhopal | 1 |
| 2. | Press Information Bureau, Chandigarh | 7 |
| 3 | Press Information Bureau, Cochin | 19 |
| 4 | Press Information Bureau, New Delhi | 20 |
| 5 | Press Information Bureau, Hyderabad | 39 |
| 6 | Press Information Bureau, Jalandhar | 41 |
| 7 | Press Information Bureau, Patna | 52 |
| 8 | Press Information Bureau, Raipur | 58 |
| 9 | Press Information Bureau, Ranchi | 63 |
| 10 | Press Information Bureau, Thiruvananthapuram | 70 |
| 11. | Press Information Bureau, Varanasi | 74 |
| 12. | Press Information Bureau, Vijayawada | 78 |




**Newspaper : Nai Dunia**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021



## पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री ने की स्वामित्व योजना की शुरुआत

## मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

Press Information Bureau
Govt. of India, Bhopal

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Peoples Samachar**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 12

# पीएम के हाथों 4 लाख से ज्यादा ग्रामीणों को मिला अपने घर का मालिकाना हक

## स्वामित्व योजना का शुभारंभ, विजेता पंचायतों को पुरस्कार भी वितरित

एजेंसी • नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से देश के 409945 ग्रामीण परिवारों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत ई-प्रापर्टी कार्ड दे कर उन्हें उनके मकान का मालिकाना हक प्रदान किया।

पीएम ने स्वामित्व योजना को पूरे देश में लागू किए जाने का शुभारंभ भी किया। पीएम ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार विजेता पंचायतों के बैंक खाते में बटन दबाकर सीधे पुरस्कार की धनराशि भी अंतरित की। पीएम ने कहा कि कोई भी परिवार भूखा ना सोए, गरीब से गरीब का भी चूल्हा जले, ये भी हमारी जिम्मेदारी है। सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन की योजना को आगे बढ़ाया है। मई और जून में देश के हर गरीब को मुफ्त राशन मिलेगा।


नरेंद्र मोदी

### पीएम का मार्गदर्शन मिला

केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि हमेशा प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर देशभर के पंचायत प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। 24 अप्रैल पर पंचायती राज दिवस का आयोजन वर्चुअल हुआ हो अथवा सभागार में हमेशा प्रधानमंत्री ने उपस्थित होकर हम सभी का उत्साहवर्धन किया है।


नरेन्द्र सिंह

**Newspaper : Swadesh**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 7

### प्रधानमंत्री ने चार लाख ई-प्रापर्टी कार्ड वितरित कर स्वामित्व योजना की शुरुआत की

# कोरोना संक्रमण को गांवों तक फैलने से रोकें : प्रधानमंत्री

उमेश कुमार, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 की जिस मौजूदा चुनौती का देश सामना कर रहा है वह पिछले साल के मुकाबले बड़ी है। उन्होंने किसी भी सूरत में इस महामारी को गांवों तक पहुंचने से रोकने के हरसंभव प्रयास सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पंचायती राज दिवस के मौके पर डिजिटल माध्यम से आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना की शुरुआत की। इसके तहत चार लाख से अधिक लोगों के बीच उनकी सम्पत्ति के ई-प्रापर्टी कार्ड वितरित किए। साथ ही वर्ष 2021 के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने विश्वास जताया कि जिस प्रकार पिछले साल कोविड-19 के संक्रमण को गांवों में फैलने से रोकने में सफलता मिली थी, उसी प्रकार इस बार भी इसमें सफलता मिलेगी। उन्होंने पंचायतों से आग्रह किया कि कोरोना को गांव में पहुंचने से, रोकने में वे अपनी भूमिका निभाएं।

**पंचायतों ने बड़ी भूमिका निभाई:** उन्होंने कहा, पिछले साल भी आपने इस संक्रमण को गांवों में फैलने से रोका था। पंचायतों ने गांव में जागरूकता पहुंचाने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। इस बार भी हमारे सामने चुनौती गांवों तक इस संक्रमण को पहुंचने से रोकने की है। मुझे भरोसा है कि देश और दुनिया को यह राह दिखाएंगे। उन्होंने कहा, कि आज भी तरीके में पंचायतों का मंत्र दवाई भी और कड़ाई भी का होना चाहिए। इस समारोह में डिजीटल माध्यम से केंद्रीय पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और बड़ी संख्या में स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कोविड-19 के बढ़ते मामलों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी से बचाव के उपायों का पालन करने का आग्रह किया और कहा, जो भी दिशा-निर्देश समय-समय पर जारी होते हैं, उनका पूरा पालन गांव में हो, हमें ये सुनिश्चित करना होगा। इस बार हमारे पास टीके का एक सुरक्षा कवच भी है। इसलिए हमें सारी सावधानियों का पालन भी करना है और ये भी सुनिश्चित करना है कि गांव के हर एक व्यक्ति को टीके की दोनों खुराक लगे।




### देश की प्रगति व संस्कृति का नेतृत्व गांवों ने किया है

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति और संस्कृति का नेतृत्व हमेशा गांवों ने ही किया है, इसीलिए आज देश अपनी हर नीति और हर प्रयास के केंद्र में गांवों को रखकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि आधुनिक भारत के गांव समर्थ हों, आत्मनिर्भर हों। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में कोई भी परिवार भूखा ना सोए, ये भी देश की जिम्मेदारी है और इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन देने की योजना को मई और जून तक आगे बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2021 के तहत 224 पंचायतों को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार, 30 ग्राम पंचायतों को नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार, 29 ग्राम पंचायतों को ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार, 30 ग्राम पंचायतों को बच्चों के अनुकूल ग्राम पंचायत पुरस्कार और 12 राज्यों को ई-पंचायत पुरस्कार प्रदान किया।

**Newspaper : Haribhoomi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 1



कृषि मंत्री पटेल ने पीएमओ को दी जानकारी

## हरदा देश का पहला जिला बना, जिसने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के सभी दस्तावेज तैयार किए

### जिले के सभी 402 राजस्व गांवों के ग्रामीण आबादी के मालिकाना दस्तावेज वितरण के लिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

हरदा 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीणों को आबादी का मालिकाना हक प्रदान करने संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज वितरण के लिए तैयारकरने वाला देश का प्रथम जिला बन गया है।

कृषि मंत्री कमल पटेल ने इस संबंध में सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पीएमओ को भी अवगत करा दिया है। पटेल ने राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है। ›› पढ़ें पेज 8 भी

### 2 अक्टूबर 2008 को शिवराज ने शुरू की थी योजना



**Newspaper : Swadesh**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 10



वीडियो कॉन्फ्रेंस स्वामित्व योजना का शुभारंभ, मुख्यमंत्री कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित हुए

## प्रधानमंत्री ने किये राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार वितरित

### प्रदेश के 1399 ग्रामों के भू-खण्ड धारकों को अधिकार अभिलेख जारी

### प्रदेश की पंचायतों को मिले पुरस्कार

**Newspaper : Nav Dunia**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 1

# अस्थायी फील्ड अस्पताल बनाएं राज्य

**कवायद** ● मरीजों की बढ़ती संख्या को संभालने के लिए केंद्र ने राज्यों को दिया निर्देश



### टीका केंद्र बढ़ाने को कहा

## गांवों में न पहुंचने दें कोरोना : मोदी



### राज्यों को 600 और अस्पतालों को 1200 में मिलेगी कोवैक्सीन





**Newspaper : Punjabi Tribune**
Edition : Chandigarh
Language : Punjabi
Date : 25.4.2021

# ਕਰੋਨਾ ਦਾ ਕਹਿਰ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿੱਚ ਨਾ ਪਹੁੰਚੇ: ਮੋਦੀ

- **ਮਹਾਮਾਰੀ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਲਈ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਵੱਲੋਂ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ਾਂ ਦੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕੀਤੀ**
- **ਪੰਚਾਇਤੀ ਦਿਵਸ ਮੌਕੇ ਸਵਾਮਿਤਵ ਯੋਜਨਾ ਤਹਿਤ 4.09 ਲੱਖ ਸੰਪਤੀ ਮਾਲਕਾਂ ਨੂੰ ਈ-ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਕਾਰਡ ਵੰਡੇ**

ਨਵੀਂ ਦਿੱਲੀ, 24 ਅਪਰੈਲ



ਪ੍ਰਧਾਨ ਮੰਤਰੀ ਨਰਿੰਦਰ ਮੋਦੀ ਨੇ ਇਹ ਯਕੀਨੀ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਕੋਵਿਡ-19 ਮਹਾਮਾਰੀ ਪਿੰਡਾਂ 'ਚ ਫੈਲਣ ਤੋਂ ਰੋਕਣ ਲਈ ਹਰ ਹਰਬਾ ਵਰਤਿਆ ਜਾਵੇ। ਦੇਸ਼ 'ਚ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਨਾਲੋਂ ਮੌਜੂਦਾ ਸਮੇਂ 'ਚ ਵੱਡੀ ਚੁਣੌਤੀ ਹੋਣ ਦਾ ਦਾਅਵਾ ਕਰਦਿਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਹਰੇਕ ਵਿਅਕਤੀ ਨੂੰ ਕਰੋਨਾ ਤੋਂ ਬਚਾਅ ਦੇ ਟੀਕੇ ਲਗਵਾਉਣ ਲਈ ਵੀ ਕਿਹਾ ਹੈ। ਕਰੋਨਾਵਾਇਰਸ ਦੇ ਪ੍ਰਬੰਧਨ ਖਾਸ ਕਰਕੇ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਫੈਲਾਉਣ 'ਚ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਦੀ ਭੂਮਿਕਾ ਦੀ ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ ਕਰਦਿਆਂ ਸ੍ਰੀ ਮੋਦੀ ਨੇ ਸਥਾਨਕ ਲੀਡਰਸ਼ਿਪ ਨੂੰ ਦਿਸ਼ਾ-ਨਿਰਦੇਸ਼ਾਂ ਦੀ ਮੁਕੰਮਲ ਪਾਲਣਾ ਯਕੀਨੀ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਕਿਹਾ। ਪ੍ਰਧਾਨ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਕਿਹਾ,"ਮੈਨੂੰ ਪੂਰਾ ਯਕੀਨ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਕਰੋਨਾ ਖ਼ਿਲਾਫ਼ ਜੰਗ 'ਚ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਕੋਈ ਜੇਤੂ ਬਣ ਕੇ ਉਭਰਿਆ ਤਾਂ ਇਹ ਭਾਰਤ ਦੇ ਪਿੰਡ ਹੋਣਗੇ।

ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕ ਮੁਲਕ ਅਤੇ ਦੁਨੀਆ ਨੂੰ ਨਵੀਂ ਰਾਹ ਦਿਖਾਉਣਗੇ।" ਉਹ ਕੌਮੀ ਪੰਚਾਇਤੀ ਰਾਜ ਦਿਵਸ ਮੌਕੇ 'ਸਵਾਮਿਤਵ' ਯੋਜਨਾ ਤਹਿਤ ਈ-ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਕਾਰਡ ਵੰਡਣ ਸਬੰਧੀ ਵਰਚੁਅਲੀ ਕਰਵਾਏ ਗਏ ਸਮਾਗਮ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰ ਰਹੇ ਸਨ। ਇਸ ਸਮਾਗਮ 'ਚ ਅੱਠ ਸੂਬਿਆਂ ਦੇ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀਆਂ ਅਤੇ ਵੱਡੀ ਗਿਣਤੀ 'ਚ ਸਥਾਨਕ ਸਰਕਾਰਾਂ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦਿਆਂ ਨੇ ਵੀ ਸ਼ਿਰਕਤ ਕੀਤੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵੈਕਸੀਨ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਇਹਤਿਆਤ ਰੱਖਣ ਦੀ ਲੋੜ 'ਤੇ ਵੀ ਜ਼ੋਰ ਦਿੱਤਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਗਰੀਬਾਂ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਲਈ ਕੇਂਦਰ ਨੇ

ਬਾਕੀ ਸਫ਼ਾ 12 »

**Newspaper : Jag Marg**
Edition : Chandigarh
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# पिछले साल से बड़ी है इस बार कोविड-19 की चुनौती: मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोविड-19 की जिस मौजूदा चुनौती का देश सामना कर रहा है वह पिछले साल के मुकाबले बड़ी है। उन्होंने किसी भी सूरत में इस महामारी को गांवों तक पहुंचने से रोकने के हरसंभव प्रयास सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पंचायती राज दिवस के मौके पर डिजिटल माध्यम से आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना की शुरुआत की। इसके तहत चार लाख से अधिक लोगों के बीच उनकी सम्पत्ति के ई-प्रापर्टी कार्ड वितरित किए। साथ ही वर्ष 2021 के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। उन्होंने विश्वास जताया कि संक्रमण को गांवों में फैलने से रोकने में हमें सफलता मिलेगी।



पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

Press Information Bureau
Govt. of India, Chandigarh

**Newspaper : Dainik Bhaskar**
Edition : Chandigarh
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

मोदी ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर की शुरुआत

# 1308 गांवों के लोगों को मिलेंगे मालिकाना हक के प्रॉपर्टी कार्ड



नई दिल्ली से मालिकाना हक के प्रॉपर्टी-कार्ड देने का शुभारंभ करते पीएम मोदी।

## • अम्बाला को पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर नई दिल्ली से हरियाणा के 1308 गांवों के लोगों को उनकी संपत्तियों के मालिकाना हक के प्रॉपर्टी-कार्ड देने का शुभारंभ किया। 7 जिलों की पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से भी प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ से वर्चुअल कार्यक्रम में सीएम मनोहर लाल व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी जुड़े।

वर्चुअल तौर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर की 313 पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों तथा 7 राज्यों की 5002 पंचायतों को 4 लाख 9 हजार प्रॉपर्टी-कार्ड डिजीटल वितरित करने की शुरूआत की। इसमें हरियाणा के 1308 गांवों के 176579 लोगों को उनके मालिकाना हक के रूप में प्रॉपर्टी-कार्ड दिया जाना प्रस्तावित है।

प्रधानमंत्री ने अम्बाला जिला को वर्ष 2019-20 के लिए दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित किया। गुड़गांव जिला के पटौदी खंड, कैथल जिला के सीवन खंड तथा रोहतक जिला के गांव कहनौर की पंचायत, सोनीपत जिला के गांव शामड़ी लोहचब व फरीदाबाद जिला के नरयाला गांव की पंचायत को भी दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार से नवाजा गया। नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार जींद जिला की कथाना ग्राम पंचायत को मिला।

**Newspaper : Aaj Samaj**
Edition : Chandigarh
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# पीएम ने प्रदेश के 1308 गांव के लोगों के लिए प्रॉपर्टी कार्ड देने का शुभारंभ किया

आज समाज नेटवर्क



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रम में शामिल होते सीएम व डिप्टी सीएम।





**Newspaper : The Tribune**
Edition : Chandigarh
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# Keep villages safe, PM tells panchayats

NEW DELHI, APRIL 24

Prime Minister Narendra Modi on Saturday called for ensuring that the pandemic is stopped from spreading to villages "by all means" and every person in rural areas is vaccinated. He noted that the challenge before the country at present is bigger than last year.

Appreciating the role of panchayats in the management of Covid, Modi asked the local leadership to work towards "complete implementation of guidelines". —TNS

**Newspaper : Ajit Samachar**
Edition : Chandigarh
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# गांवों तक संक्रमण फैलने से रोकना होगा : मोदी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत ई-संपत्ति कार्डों के वितरण का शुभारंभ करते हुए गांवों में कोरोना संक्रमण रोकने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने चार लाख से अधिक संपत्ति मालिकों को उनके ई-संपत्ति कार्ड



▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)



Press Information Bureau
Govt. of India, Chandigarh

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Hari Bhoomi**
Edition : Chandigarh
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

पंचायती राज दिवस के मौके पर पीएम ने वितरित किए

# हरियाणा के 1308 गांवों के लोगों को मिले प्रॉपर्टी कार्ड



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर नई दिल्ली से हरियाणा के 1308 गांवों के लोगों को उनकी संपत्तियों के मालिकाना हक के प्रोपर्टी-कार्ड देने का शुभारंभ किया। इसके तहत 1,76,579 लोगों को उनके मालिकाना हक के रूप में प्रोपर्टी-कार्ड दिया जाना प्रस्तावित है।

इसके अलावा, 7 जिलों की पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से भी प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में चंडीगढ़ से वर्चुअली हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी जुड़े। वर्चुअली तौर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोदी ने देशभर की 313 पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों तथा 7 राज्यों की 5002 पंचायतों को 4 लाख 9 हजार प्रॉपर्टी-कार्ड डिजीटली वितरित करने की शुरुआत की।

## ये पंचायतें सम्मानित

- ▸▸ अंबाला जिले को वर्ष 2019-20 के लिए 'दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार' से सम्मानित किया।
- ▸▸ गुरुग्राम के पटौदी खंड, कैथल के सीवन खंड, रोहतक के गांव कलानौर की पंचायत, सोनीपत के गांव शामड़ी लोहचब व फरीदाबाद के करनेरा गांव की पंचायत को 'दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार' से नवाजा गया।
- ▸▸ नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार जींद की बराह ग्राम पंचायत को मिला।
- ▸▸ अखिल रूप से ग्राम विकास की योजना तैयार करने के लिए 'ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार' से गुरुग्राम जिला की मिर्जापुर पंचायत को पुरस्कृत किया गया। 'बाल हितैषी ग्राम पंचायत पुरस्कार-2021' का पुरस्कार रोहतक जिला की कलानौर पंचायत को मिला।

## प्रदेश के लिए गौरव की बात

प्रधानमंत्री ने जिन पंचायतों को प्रोपर्टी कार्ड देने की शुरुआत की है उनमें हरियाणा की भागीदारी 26 प्रतिशत रही, जबकि देश में जिन लोगों को ये प्रोपर्टी कार्ड दिए जाने की पहल की गई है उनमें हरियाणा के लाभपात्रों की 43 प्रतिशत संख्या है जो कि प्रदेश के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल पर राज्य में 26 जनवरी 2020 से करनाल जिला के सिरसी गांव से 'लाल डोरा मुक्त गांव' योजना की शुरुआत देश में सबसे पहले की गई थी।

Press Information Bureau
Govt. of India, Chandigarh
पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Punjab Kesari**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

प्रधानमंत्री ने की स्वामित्व योजना की शुरूआत, 4,09,945 ग्रामीण परिवारों को मिला घर का मालिकाना हक

# कोरोना की चुनौती पिछले साल से भी बड़ी, गांवों तक पहुंचने से हर हाल में रोकें पंचायतें

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (प.स.) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 की जिस मौजूदा चुनौती का देश सामना कर रहा है वह पिछले साल के मुकाबले बड़ी है।



नई दिल्ली : उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने किसी भी सूरत में इस महामारी को गांवों तक पहुंचने से रोकने के हरसंभव प्रयास सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने पंचायतों से कहा कि पिछले साल भी आपने इस संक्रमण को गांवों में फैलने से रोका था। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में पंचायतों का मंत्र 'दवाई भी और कड़ाई भी' का होना चाहिए। उन्होंने सभी से बचाव के उपायों का पालन करने का आग्रह किया और कहा कि इस बार हमारे पास टीके का एक सुरक्षा कवच भी है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि गांव के हरेक व्यक्ति को टीके की दोनों खुराक लगें।

प्रधानमंत्री ने पंचायती राज दिवस के मौके पर डिजीटल माध्यम से आयोजित एक समारोह में स्वामित्व योजना की शुरूआत की। उन्होंने 4,09,945 परिवारों को उनकी सम्पत्ति (घर) का मालिकाना हक देने वाले ई-प्रापर्टी कार्ड वितरित किए। साथ ही वर्ष 2021 के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2021

### ■ 224 पंचायतों को दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार

के तहत 224 पंचायतों को दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार, 30 ग्राम पंचायतों को नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार, 29 ग्राम पंचायतों को ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार, 30 ग्राम पंचायतों को बच्चों के अनुकूल ग्राम पंचायत पुरस्कार और 12 राज्यों को ई-पंचायत पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रधानमंत्री ने एक बटन पर क्लिक के माध्यम से 5 लाख रुपए से 50 लाख रुपए तक की पुरस्कार राशि (अनुदान सहायता के रूप में) हस्तांतरित की। इस समारोह में डिजीटल माध्यम से केंद्रीय पंचायती राज मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, 8 राज्यों के मुख्यमंत्री और बड़ी संख्या में स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत तकनीक से मानचित्रण है स्वामित्व योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय योजना के रूप में पिछले साल 24 अप्रैल को स्वामित्व की शुरूआत की थी। इस योजना में गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत तकनीक से मानचित्रण किया जाता है।

इस योजना में 2021-2025 के दौरान पूरे देश में लगभग 6.62 लाख गांवों को शामिल किया जाएगा। योजना के पायलट चरण को पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश व राजस्थान के चुनिंदा गांवों में 2020-21 के दौरान लागू किया गया था।



**Newspaper : Jagat Kranti**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# प्रधानमंत्री ने हरियाणा के 1300 ग्रामीणों को दिए प्रॉपर्टी कार्ड

■ राष्ट्रीय कार्यक्रम में हरियाणा की सर्वाधिक 26 फीसदी रही भागीदारी

■ सरकार ने करनाल के सिरसी से शुरू की थी लाल डोरा मुक्त गांव की योजना

जगत क्रांति ⏭ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर नई दिल्ली से हरियाणा के 1308 गांवों के लोगों को उनकी संपत्तियों के मालिकाना हक के प्रोपर्टी-कार्ड देने का शुभारंभ किया। इसके अलावा सात जिलों की पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से भी प्रधानमंत्री ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में चंडीगढ़ से वर्चुअली हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी जुड़े।



वर्चुअल तौर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर की 313 पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों तथा 7 राज्यों की 5002 पंचायतों को 4 लाख 9 हजार प्रोपर्टी-कार्ड डिजीटली वितरित करने की शुरूआत की। इनमें हरियाणा के 1308 गांवों के 1,76,579 लोगों को उनके मालिकाना हक के रूप में प्रॉपर्टी-कार्ड दिया जाना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री ने आज जिन पंचायतों को प्रोपर्टी कार्ड देने की शुरूआत की है उनमें हरियाणा की भागीदारी 26 प्रतिशत रही, जबकि देश में जिन लोगों को ये प्रोपर्टी कार्ड दिए जाने की पहल की गई है उनमें हरियाणा के लाभपात्रों की 43 प्रतिशत संख्या है जो कि प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार ने राज्य में 26 जनवरी 2020 से करनाल जिला के सिरसी गांव से 'लाल डोरा मुक्त गांव' योजना की शुरूआत देश में सबसे पहले की गई थी। इस योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों के प्रोपर्टी-कार्ड दिए गए। प्रधानमंत्री ने इस स्वामित्व योजना के पूरे देश में लांच करने के अवसर पर कोविड-19 को देखते हरियाणा में सभी जिलों के उपायुक्तों ने आज 5-5 लाभपात्रों को उनके प्रोपर्टी-कार्ड देकर सांकेतिक शुरूआत भी की।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश के अंबाला जिला को वर्ष 2019-20 के लिए 'दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार' से सम्मानित किया। इसी प्रकार गुरुग्राम जिला के पटौदी खंड, कैथल जिला के सीवन खंड तथा रोहतक जिला के गांव काहनौर की पंचायत, सोनीपत जिला के गांव शामड़ी लोहचब तथा फरीदाबाद जिला के नरयाला गांव की पंचायत को भी 'दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार' से नवाजा गया। 'नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार' जींद जिला की बधाना ग्राम पंचायत को मिला। अग्रिम रूप से ग्राम विकास की योजना तैयार करने के लिए 'ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार' से गुरुग्राम जिला की मिर्जापुर पंचायत को पुरस्कृत किया गया, जबकि 'बाल हितैषी ग्राम पंचायत पुरस्कार-2021' से रोहतक जिला की काहनौर पंचायत को सम्मानित किया गया।

**Newspaper : Jagat Kranti**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# स्वामित्व योजना में महेंद्रगढ़ जिला प्रदेश में अग्रणी

- प्रधानमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों को किया संबोधित
- 186 गांव को किया लालडोरा मुक्त
- सभी गांव की हो चुकी है ड्रोन फ्लाइंग
- ग्रामीणों को रजिस्ट्रियां देने का काम जारी



जगत क्रांति ›› नारनौल

स्वामित्व योजना के तहत पास ?? वर्ष में जिला महेंद्रगढ़ प्रदेश में अग्रणी स्थान पर है। जिला की कुल 346 ग्राम पंचायतों में से 186 गांवों को लालडोरा मुक्त कर दिया गया है। अब इन गांव के नागरिकों को मालिकाना हक देने के लिए रजिस्ट्रियां बनाने का काम एक प्रक्रिया के तहत लगातार जारी रहेगा।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम के बाद लघु सचिवालय में मीडिया से बातचीत करते हुए उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में ड्रोन फ्लाइंग का कार्य सभी गांव में हो चुका है। कुल 186 गांव को अब तक लालडोरा मुक्त कर दिया गया है। नक्शा बनाने के बाद ग्रामीणों से दावे व आपत्तियां मांगी गई थी। बाद में पंचायत सभा में पास करके मालिकाना हक सौंपा जाता है। अगर कोई आपत्ति दर्ज करवाता है तो उस प्रॉपर्टी पर कानूनी प्रक्रिया के हिसाब से फैसला होगा जबकि शेष प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री बनाने का काम लगातार चलता रहेगा।

डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने यह योजना पिछले वर्ष 24 अप्रैल को लांच की थी। जिला के सभी अधिकारियों ने इस दिशा में काफी अच्छा कार्य किया है। उन्होंने बताया कि लाल डोरा के अंदर ग्रामीणों को अपनी प्रॉपर्टी का मालिकाना हक मिलने के बाद उनके अंदर आत्मविश्वास लौटेगा। जमीनों के झगड़े खत्म होंगे जिससे कोर्ट कचहरी पर भी भार कम होगा। इस प्रॉपर्टी पर बैंकों से अब लोन भी लिया जा सकेगा।

उपायुक्त ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन के माध्यम से गांव का एक नक्शा तैयार करवाया गया है जिससे व्यवस्थित तरीके से गांव का योजना बद्ध विकास हो सकेगा। गांव में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने में भी यह नक्शा सहायक सिद्ध होगा। इससे गांव स्तर पर विकास के नए-नए रास्ते खुलेंगे। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक मीणा जिला परिषद के सीईओ तरुण कुमार जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार सिंह डीडीपीओ ओमप्रकाश के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## डीसी ने सौंपे मालिकाना हक के कागजात

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र स्तर पर स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को ई प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने पंचायती राज प्रतिनिधियों को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2021 की 313 सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों को 45 करोड़ की राशि सीधे ग्राम पंचायतों के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर की। वहीं जिला स्तर पर उपायुक्त अजय कुमार ने लघु सचिवालय में कोविड-19 प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए जिला के गांव [illegible] के 5 नागरिकों को स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री सौंपी। अपनी प्रॉपर्टी पर अब वे कानून अनुसार निश्चित होकर प्रयोग भी कर सकेंगे। उनके जीवन में [illegible] तथा निश्चिंतता आएगी।



Press Information Bureau
Govt. of India, Chandigarh
पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Jagat Kranti**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# गांवों में भी कोरोना गाईडलाईन का हो पालन : प्रधानमंत्री



- स्वामित्व योजना की शुरुआत पर बोले प्रधानमंत्री
- चार लाख से ज्यादा संपत्ति मालिकों को ई-प्रॉपर्टी कार्ड वितरित

एजेंसी ›› नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर 'स्वामित्व योजना' की शुरुआत करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि हमारे सामने कोरोना संक्रमण को गांवों तक पहुंचने से रोकने की चुनौती है। जो भी गाइडलाइंस समय-समय पर जारी होती हैं उनका पूरा पालन गांव में हो, हमें ये सुनिश्चित करना होगा। मोदी ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज दिवस का ये दिन ग्रामीण भारत के नवनिर्माण के संकल्पों को दोहराने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। ये दिन हमारी ग्राम पंचायतों के योगदान और उनके असाधारण कामों को देखने, समझने और उनकी सराहना करने का भी दिन है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल जिन छह राज्यों में स्वामित्व योजना की शुरुआत हुई थी वहां एक साल के भीतर ही इसका प्रभाव भी दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना में ड्रोन से पूरे गांव का, संपत्तियों को सर्वे किया जाता है। जिनकी जो जमीन होती है उसे उनका प्रॉपर्टी कार्ड संपत्ति पत्र भी दिया जाता है। मोदी ने कहा कि आज पांच हजार गांवों में चार लाख से ज्यादा संपत्ति मालिकों को ई-प्रॉपर्टी कार्ड दिए गए हैं। इस वर्ष हम आजादी के 75वें वर्ष में प्रवेश करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सामने चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन विकास का पहिया हमें तेज गति से आगे बढ़ाते रहना है।आप भी अपने गांव के विकास के लक्ष्य तय करें और तय समय सीमा में उन्हें पूरा करें। उन्होंने कहा कि हाल में अनेक राज्यों में पंचायत चुनाव संपन्न हुए हैं और बहुत जगह चल भी रहे हैं इसलिए आज हमारे साथ बहुत से नए साथी भी हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज गांव और गरीब को उसके घर का कानूनी दस्तावेज देने वाली बहुत ही बड़ी और अहम योजना स्वामित्व योजना को भी पूरे देश में लागू किया गया है।

**Newspaper : Yug Marg**
Language : English
Date : 25.4.2021

# Covid challenge bigger than last year's, stop it from hitting villages: Modi

AGENCY
NEW DELHI, APR 24



Prime Minister Narendra Modi on Saturday said the Covid challenge before the country now is bigger than last year's and called for making efforts to ensure that the infectious disease is stopped from hitting villages "by all means".

Addressing a ceremony on Panchayati Raj Diwas during which Modi launched the distribution of e-property cards under the Swamitva scheme, he said the pandemic was prevented from affecting rural areas last year and exuded confidence that the success could be replicated as local leadership now had experience as well as knowledge. Chief ministers of eight states joined the event, held virtually, while a large number of local body representatives also connected to the ceremony.

"I have this confidence that if someone is going to emerge victorious first in this fight against the coronavirus, then it is going to be India's villages, the leadership of these villages. The people of the villages will show the way to the country and the world," the prime minister said.

Right now, the mantra of the panchayats should be 'dawai bhi, kadai bhi' (medicine as well as caution), he stressed. Modi said villages should follow the guidelines issued by the government and people should also get themselves vaccinated. To help the poor get food, his government has decided to provide them free ration for May and June, the prime minister noted, adding this would benefit over 80 crore people and cost the government Rs 26,000 crore.

As many as 4.09 lakh property owners are to be given their e-property cards. This marked the rolling out of the Swamtiva scheme for implementation across the country.

Union minister Narendra Singh Tomar attended the event. Modi also conferred the National Panchayat Awards 2021 on the occasion. The National Panchayat Awards 2021 were conferred under the following categories - Deen Dayal Upadhyay Panchayat Sashaktikaran Puraskar to 224 panchayats, Nanaji Deshmukh Rashtriya Gaurav Gram Sabha Puraskar to 30 gram panchayats, Gram Panchayat Development Plan Award to 29 gram panchayats, child-friendly Gram Panchayat Award to 30 Gram Panchayats and e-Panchayat Puraskar to 12 states.

The prime minister transferred the award money, ranging from Rs 5 lakh to Rs 50 lakh, as grants-in-aid, by clicking a button, the PMO said.





**Newspaper : Mathrubhumi**
Language : Malayalam
Page No. : 8
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Cochin

Mathrubhumi മാതൃഭൂമി

www.mathrubhumi.com 2021 ഏപ്രിൽ 25 • ഞായറാഴ്ച മാതൃഭൂമി 08 E CHN

## കോവിഡിന്റെ രണ്ടാംവ്യാപനം കടുത്ത വെല്ലുവിളി

# രോഗം ഗ്രാമങ്ങളിലെത്തുന്നത് തടയണം -മോദി

പ്രധാൻമന്ത്രി ഗരീബ് കല്യാൺ യോജന പ്രകാരം സൗജന്യ റേഷൻ

പ്രത്യേക ലേഖകൻ



25/04/2021 KOTHAMANGALAM-MUVATTUPUZHA Pg 08

**Title of the Report**

Covid's second wave is posing a serious challenge; the disease should be prevented from reaching the villages: PM Modi

**Newspaper : Tribune, Delhi**
Language : English
Date : 25.4.2021
Page No : 3

# e-property cards for 1,308 villages in state

**CHANDIGARH, APRIL 24**
On National Panchayati Raj Day, PM Narendra Modi today launched the distribution of e-property cards to house owners of 1,308 villages of Haryana, under the SVAMITVA Yojana, from New Delhi through videoconferencing.

CM Manohar Lal Khattar and Deputy CM Dushyant Chautala also attended the event from Chandigarh.

Modi distributed e-property cards to 1,76,579 people from 1,308 villages of Haryana.

The Deen Dayal Upadhyay Panchayat Sashaktikaran Puraskar for 2019-20 was conferred upon Ambala district along with the Pataudi block, Gurugram, Siwan block, Kaithal, the panchayat of Kahnaur village in Rohtak, Shamri Lochab village, Sonepat, and Naryala village, Faridabad.

Meanwhile, the Badhana gram panchayat, Jind, received the Nanaji Deshmukh Rashtriya Gaurav Gram Sabha Puraskar. —TNS





**Newspaper : Pioneer, Delhi**
Language : English
Date : 25.4.2021
Page No. : 1

# Villages must shut door on coronavirus again: Modi

**PNS ■ NEW DELHI**

Prime Minister Narendra Modi on Saturday expressed confidence that rural villages would be able stop the second wave of the Covid-19 "like they did last year."

Addressing a ceremony of Panchayat Raj Diwas, he said the challenge before the nation posed by the pandemic is "a little more than the last year" and villages should "stop at all cost the entry of the pandemic."

"*Is varsh bhi hamare samne jo chunauti hain, vo chunauti pahle se zara zyada hain ki gaon tak is sankraman ko kisi bhi halat main pahuchne nahin dena hain, use rokna hi hain*", said Modi.

***Continued on Page 4***

**Newspaper : Pioneer, Delhi**
Language : English
Date : 25.4.2021
Page No : 1

# Villages must shut door on...

**From Page 1**

Prime Minister said like last year it is the rural regions which would emerge victorious over the pandemic.

He asked Panchayat representatives who he said, now possess knowledge and expertise, to ensure that Covid19 guidelines be adhered to in the villages and all get vaccinated. On the occasion, Modi launched the distribution of e-property cards under the SWAMITVA scheme. Prime Minister also conferred the National Panchayat Awards 2021 on the occasion.

Chief Ministers of eight States joined the event, held virtually with a large number of local body representatives who connected to the ceremony. Union Minister Narendra Singh Tomar also attended the event.

"I have this confidence that if someone is going to emerge victorious first in this fight against the coronavirus, then it is going to be India's villages, the leadership of these villages... The people of the villages will show the way to the country and the world," the Prime Minister said.

As many as 4.09 lakh property owners were given their e-property cards, which also marked the rolling out of the SWAMITVA scheme for implementation across the country.

The Prime Minister said last year SWAMITVA yojna was implemented in six States and its good impact had started showing-up there. He said under this scheme, entire village land and other properties are surveyed by a drone and owners are given their ownership documents. He said just now four lakh owners in five thousand villages have been alloted their 'e-property cards'.

"SWAMITVA yojna has given a new self-confidence and sense of security to villages", said Modi.

"Gaon ke ghar ka naksha, apni sammpatti ka dastavez jab haath main hota hain to anek prakar ki ashankayen khatm ho jati hain. Isse gaon main zameen-jayyezad par hone wale jhagde bhi khatm huain hain", said the Prime Minister.

Modi said Government has given Rs 2.25 lakh crore in the hands of Panchayats for the development of villages, an amount so big was never earmarked for them in the past, he said.




Press Information Bureau
Govt. of India, Delhi

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Millennium Post, Delhi**
Language : English
Date : 25.4.2021
Page No. : 4

# Ensure Covid doesn't hit villages: PM to Panchayats



**NEW DELHI:** Prime Minister Narendra Modi on Saturday called for ensuring that the COVID-19 pandemic is stopped from spreading to villages "by all means" and every person in rural areas is vaccinated, as he noted that the challenge before the country at present is bigger than last year.

Appreciating the role of panchayats in the management of coronavirus, especially in creating awareness, Modi asked the local leadership to work towards "complete implementation of guidelines" that are being issued from time to time.

"I have this confidence that if someone is going to emerge victorious first in this fight against the coronavirus, it is going to be India's villages, the leadership of these villages..... The people of the villages will show the way to the country and the world," the prime minister said.

Modi was speaking at a virtual event to launch the distribution of e-property cards under the 'SWAMITVA' scheme on the National Panchayati Raj Day. Chief ministers of eight states and a large number of local body representatives were also connected to the event virtually.

Underlining that the pandemic was prevented from affecting rural areas last year, he exuded confidence that the success can be replicated as the local leadership now has experience as well as knowledge.

Emphasising the need to get vaccinated, Modi said, "This time we have the shield of vaccine. We have to ensure that every person in the village is vaccinated and every precaution is taken."

He also stressed the need for precaution along with vaccination and said, "Right now, the mantra of the panchayats should be dawai bhi, kadai bhi" (medicine as well as strictness).

To help the poor during this period, the Centre has decided to provide them free ration for May and June, the prime minister noted, adding this will benefit over 80 crore people and cost the government Rs 26,000 crore.

"It is our responsibility that in these difficult times, no family should go hungry," Modi said.

He said the Centre is keeping villages at the centre of all its policies and initiatives.

Our effort is that villages of modern India should be capable and self-reliant," he said.

Talking about the SWAMITVA scheme, Modi said as many as 4.09 lakh property owners were being given their e-property cards, which also marked the rolling out of the SWAMITVA scheme for implementation across the country. MPOST

**Newspaper : Deccan Herald, Bengaluru**
Language : English
Date : 25.4.2021
Page No : 7

## Stop virus from entering villages: Modi to Panchayats

**NEW DELHI, DHNS:** Prime Minister Narendra Modi on Saturday roped in the Panchayats in coronavirus management and asked them to work towards the complete implementation of Covid-19 guidelines.

He appreciated the role of Panchayats in the management of coronavirus and asked the local leadership to work to stop the virus from entering the villages and spread awareness.

Pitching for helping the poor during the pandemic, Modi said it was "our responsibility that in these difficult times, no family should go hungry".

Modi was speaking at a virtual event organised to launch the distribution of e-property cards under the 'SWAMITVA' scheme on the National Panchayati Raj Day.

"....This time we have a vaccine. We have to ensure that every person in the village is vaccinated and every precaution is taken," Modi said.





**Newspaper : The Hindu, Delhi**
Language : English
Date : 25.4.2021
Page No. : 5



## Jagan presents National Panchayat Awards

VIJAYAWADA

Andhra Pradesh Chief Minister Y.S. Jagan Mohan Reddy presented the National Panchayat Awards-2021 conferred by the Union Ministry of Panchayat Raj on the occasion of the National Panchayat Raj Day on Saturday. A.P. won 15 awards in 2020 and 17 in 2021.

Press Information Bureau
Govt. of India, Delhi

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Dainik Jagran, New Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 3

# मोदी की अपील, गांवों में न पहुंचने दें कोरोना

**महामारी से जंग**

- राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर स्वामित्व योजना की देशव्यापी शुरुआत
- योजना के तहत वर्ष 2025 तक 6.62 लाख गांवों को ई-प्रॉपर्टी कार्ड देने का है लक्ष्य



पंचायती राज दिवस पर पीएम ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया • एएनआइ

**यह भी बोले पीएम**

- पहली लहर से अछूते रहे थे गांव, यह सफलता दोहराई जाएगी
- अब ज्यादा अनुभव और ज्यादा जानकारी के साथ कर रहे सामना
- महामारी की दूसरी लहर में हमारे पास वैक्सीन का भी कवच

नई दिल्ली, प्रेट्र : देश के सामने मौजूदा चुनौती पिछले साल से बड़ी है। कोरोना को गांवों में पहुंचने से रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करें। यह भी सुनिश्चित करें कि गांव के हर व्यक्ति का टीकाकरण हो। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर शनिवार को स्वामित्व योजना की देशव्यापी शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह बात कही।

सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के सपने को मजबूती देने की दिशा में 24 अप्रैल, 2020 को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी। अब इसे देशव्यापी स्तर पर क्रियान्वित किया जाएगा। इसके तहत वर्ष 2025 तक 6.62 लाख गांवों को कवर करने का लक्ष्य है। योजना के तहत 4.09 लाख लोगों को ई-प्रॉपर्टी कार्ड दिए गए हैं। ई-प्रॉपर्टी कार्ड की मदद से गांवों संपत्ति से जुड़े विवादों को खत्म करने में मदद मिलेगी। इसके लिए मैपिंग और सर्वे की आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। इस योजना से गांवों में लोग लोन देने और अन्य वित्तीय लाभ के लिए अपनी संपत्ति का प्रयोग करने में सक्षम होंगे।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में पंचायतों के योगदान को भी सराहा। विशेषरूप से जागरूकता फैलाने के मामले में स्थानीय नेतृत्व की सराहना करते हुए पीएम ने कहा कि समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशानिर्देशों के पूर्ण क्रियान्वयन की दिशा में काम करें। मोदी ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि भारत का गांव और वहां का नेतृत्व कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में सबसे पहले जीतकर सामने आने वालों में होगा।' पीएम ने उल्लेख किया कि पिछले साल महामारी की लहर से ग्रामीण क्षेत्र अछूते रहे थे। इस बार ज्यादा अनुभव और समझ के साथ गांवों का नेतृत्व फिर इस सफलता को दोहरा सकता है। सुनिश्चित करना होगा कि गांव में हर व्यक्ति का टीकाकरण हो और सभी जरूरी सावधानियां बरती जाएं। उन्होंने कहा कि इस समय पंचायतों का मंत्र होना चाहिए, 'दवाई भी, कड़ाई भी।' पीएम ने कहा कि केंद्र अपनी सभी नीतियों और पहल के केंद्र में गांवों को रख रहा है।

गांवों को संक्रमण से बचाएं » संपादकीय

**Newspaper : Dainik Jagran, New Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 6

# गांवों को संक्रमण से बचाएं

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री ने यह कहकर समय रहते लोगों को आगाह किया कि कोरोना संक्रमण को गांवों तक पहुंचने से रोकना होगा। उनकी इस अपील पर न केवल ग्रामीण जनता, बल्कि संबंधित प्रशासन के लोगों को भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। यह सही है कि पिछले साल कोरोना संक्रमण की लहर को गांवों तक पहुंचने से रोक दिया गया था, लेकिन इस बार इसका खतरा इसलिए अधिक बढ़ गया है, क्योंकि एक तो संक्रमण की दूसरी लहर बहुत तेज है और दूसरे, बड़े शहरों से तमाम कामगार अपने गांव लौट चुके हैं या फिर लौट रहे हैं। चूंकि इनके जरिये ग्रामीण आबादी के बीच कोरोना आसानी से फैल सकता है, इसलिए उन्हें गांवों से बाहर स्कूलों, पंचायत भवनों आदि में क्वारंटाइन करने और उनके स्वास्थ्य की निगरानी करने का काम तत्काल प्रभाव से होना चाहिए। ये दोनों काम प्राथमिकता के आधार पर सही तरह से हों, इसकी चिंता खुद गांव वालों को भी करनी होगी। कई गांवों ने इस मामले में अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है, लेकिन यह भी सही है कि देश के कुछ ग्रामीण इलाकों में कोरोना संक्रमण सिर उठाता दिख रहा है। यह शुभ संकेत नहीं। हालांकि ग्रामीण इलाकों में आबादी का घनत्व कम है और वहां का रहन-सहन भी शहरों से अलग है, लेकिन यदि गांवों में कोरोना ने अपने पैर पसारे तो हालात संभालने मुश्किल होंगे।

इस तथ्य से हर किसी को परिचित होना चाहिए कि गांवों के समीप कस्बों और छोटे शहरों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर स्थिति में नहीं हैं और बड़े शहरों के अस्पताल पहले से ही गहन दबाव में हैं। उचित यह होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण से बचे रहने के उपायों का पालन कराने वाले सक्रिय हों। इसके लिए राज्य सरकारों और उनके प्रशासन को भी सजगता दिखानी होगी। वास्तव में सक्रियता और सजगता न केवल संक्रमण से बचे रहने के लिए दिखानी होगी, बल्कि इसके लिए भी कि सभी पात्र लोग जल्द से जल्द टीका लगवाएं। टीकाकरण के मौजूदा चरण और एक मई से शुरू होने वाले अगले चरण में ग्रामीण जनता की बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी उतनी ही जरूरी है, जितनी शहरी जनता की। टीकाकरण अभियान को गति देने और उसकी पहुंच को प्रभावी बनाने के लिए टीके की महत्ता से परिचित कराने का काम भी जोर-शोर से शुरू कर दिया जाना चाहिए। इसमें योगदान देने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करने वालों को आगे आना चाहिए। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि टीके को लेकर अभी भी हिचक दिख रही है। इस हिचक को तोड़ने के लिए हर संभव कोशिश न केवल होनी चाहिए, बल्कि होते हुए दिखनी भी चाहिए।

**Newspaper : Punjab Kesari, Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 11

# पंचायती राज कानून को सही अर्थों में लागू करें राज्य: नायडू

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने राज्यों से पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा है कि पंचायती राज कानून को सही अर्थों में लागू किया जाना चाहिए। श्री नायडू ने शनिवार को पंचायती राज दिवस के अवसर पर यहां जारी एक संदेश में कहा कि राज्यों को, पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए पूंजी, पदाधिकारी और जिम्मेदारी उपलब्ध कराने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा, '' संविधान संशोधन अधिनियम 73 वें और 74 वें के प्रावधानों को सही अर्थों में लागू किया जाना चाहिए। इससे हम अपने लोकतंत्र के आधारों को सुदृढ़ कर सकते हैं।'' उपराष्ट्रपति ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में पंचायती राज संस्थाएं सर्वश्रेष्ठ संस्थाएं हैं जो जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सकती हैं और संकट के समय में उनकी मदद कर सकती हैं। श्री नायडू ने कहा, 'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर मैं स्थानीय स्तर पर काम कर रहे कोरोना योद्धाओं की सराहना करता हूं।



Press Information Bureau
Govt. of India, Delhi

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Punjab Kesari, Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 3

# कोरोना को गांव तक पहुंचने से रोकना है : पीएम नरेंद्र मोदी का आह्वान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 की जिस वर्तमान चुनौती का देश सामना कर रहा है वह पिछले वर्ष के मुकाबले बड़ी है। उन्होंने किसी भी सूरत में इस महामारी को गांवों तक पहुंचने से रोकने के हरसंभव प्रयास सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

पंचायती राज दिवस के मौके पर डिजिटल माध्यम से आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना की शुरुआत की। इसके तहत चार लाख से अधिक लोगों के बीच उनकी सम्पत्ति के ई-प्रापर्टी कार्ड वितरित किए। साथ ही वर्ष 2021 के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने विश्वास जताया कि जिस प्रकार पिछले वर्ष कोविड-19 के संक्रमण को गांवों में फैलने से रोकने में सफलता मिली थी, उसी प्रकार इस बार भी इसमें सफलता मिलेगी।

उन्होंने पंचायतों से आग्रह किया कि कोरोना को गांव में पहुंचने से, रोकने में वे अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, ''पिछले साल भी आपने इस संक्रमण को गांवों में फैलने से रोका था। पंचायतों ने गांव में



- इस बार की कोरोना लहर पिछली बार की तुलना में एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी

जागरूकता पहुंचाने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। इस वर्ष भी हमारे सामने जो चुनौती है, वह पहले से जरा ज्यादा है। गांवों तक इस संक्रमण को किसी भी हालत में पहुंचने नहीं देना है, उसे रोकना ही है।'' उन्होंने कहा कि आज की तारीख में पंचायतों का मंत्र दवाई भी और कड़ाई भी का होना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है कोरोना की जंग में सबसे पहले हिंदुस्तान के गांव विजयी होने वाले हैं। देश और दुनिया को रास्ता भी आप गांव वाले इस सफलता के साथ दिखाने वाले हैं, यह मुझे भरोसा है।''

इस समारोह में डिजीटल माध्यम से केंद्रीय पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और बड़ी संख्या में स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कोविड-19 के बढ़ते मामलों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी से बचाव के उपायों का पालन करने का आग्रह किया और कहा, ''जो भी दिशा-निर्देश समय-समय पर जारी होते हैं, उनका पूरा पालन गांव में हो, हमें ये सुनिश्चित करना होगा। इस बार हमारे पास टीके का एक सुरक्षा कवच भी है। इसलिए हमें सारी सावधानियों का पालन भी करना है और ये भी सुनिश्चित करना है कि गांव के हर एक व्यक्ति को टीके की दोनों खुराक लगे।''

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति और संस्कृति का नेतृत्व हमेशा गांवों ने ही किया है, इसीलिए आज देश अपनी हर नीति और हर प्रयास के केंद्र में गांवों को रखकर आगे बढ़ रहा है।

**Newspaper : Punjab Kesari, Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 10

# पंचायती राज संस्थाएं कोरोना संक्रमण रोकने में करें सहयोग

**शिमला,** (विक्रांत सूद): मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2021 के अवसर पर आज शिमला से वर्चुअल माध्यम द्वारा राज्य की पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए राज्य सरकार का पूर्ण सहयोग करें और संबंधित पंचायतों में होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों की सहायता करने के अतिरिक्त लोगों को कोविड टीकाकरण के लिए भी प्रेरित करें।



जय राम ठाकुर ने कहा कि राज्य के लिए कोविड के मामलों में वृद्धि एक बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि महामारी की पहली लहर के दौरान पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के प्रतिनिधियों ने इस महामारी के कारण उत्पन्न संकट में लोगों की सहायता करने में सराहनीय कार्य किया है।



Press Information Bureau
Govt. of India, Delhi

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : HariBhoomi, Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No. : 5

# यूपी की 29 पंचायतों को मिला दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण सम्मान

लखनऊ। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत को बढ़ावा देने के लिए दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण सम्मान से यूपी के दो जिलों की 29 ग्राम पंचायतों को नवाजा। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने पूरे देश में स्वामित्व योजना की शुरूआत की। अभी पायलट प्रोजेक्ट के तहत देश के 9 राज्यों में स्वामित्व योजना को शुरू किया गया। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 425 गांव के 57 हजार संपत्ति मालिकों को उनके घरौनी प्रमाण पत्र दिए गए। इस योजना से उत्तर प्रदेश के कुल 1409 गांव लाभान्वित हो रहे हैं।

## प्रदेश की पंचायतों को मिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

यूपी पंचायती राज विभाग की सचिव किंजल सिंह ने बताया कि प्रदेश की 2 जिला पंचायतों हापुड़ व शामली को दीन दयाल पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार से नवाजा गया है। योजना के जरिए प्रत्येक पंचायत को 50 लाख रुपये की धनराशि से सम्मानित किया गया है।

**मिला ई संपत्ति कार्ड:** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के ग्रामीण इलाकों को तकनीक जोड़ने व सशक्त बनाने के लिए दो तोहफों से नवाजा। पीएम ने सबसे पहले पंचायत पुरस्कार की शुरूआत की तो वहीं पूरे देश में स्वामित्व योजना की शुरूआत की गई।

**Newspaper : HariBhoomi, Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 4

## गांव नरियाला को मिला पंचायत पुरस्कार 2021

फरीदाबाद। पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार के लिए ग्राम पंचायत के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए फरीदाबाद के गांव नरियाला को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया। इस दौरान जिले की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने प्रशस्ति पत्र देकर संबंधित लोगों को सम्मानित करते हुए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के अन्य कई पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री पंचायती राज नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा से शनिवार को पंचायती राज दिवस के अवसर पर देश भर की ग्राम पंचायतों को जिला प्रशासन के माध्यम दिए गए। पंचायती राज दिवस का वर्चुअल माध्यम से आयोजन किया गया। जिसमें पंचायती राज मंत्रालय देश भर में पंचायतों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विजेता पंचायतों में खुशी का महौल है।



Press Information Bureau
Govt. of India, Delhi

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : HariBhoomi, Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No. : 8

## स्वामित्व योजना: खुशहाली की गारंटी



योजना
कमल पटेल
कृषि मंत्री मप्र

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के साथ इस एक साल में मप्र का हरदा जिला एक मिसाल बन गया है, जिसने स्वामित्व योजना के अनुसार संपूर्ण दस्तावेज शत प्रतिशत तैयार कर लिए है। इसके साथ ही इसका त्वरित लाभ जिले के 402 राजस्व ग्रामों की संपूर्ण आबादी को मिल सके इसलिए इन दस्तावेजों के वितरण की भी तैयारी कर ली है।**

**Newspaper : Amar Ujala, Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 10

## यूपी को राष्ट्रीय स्तर पर ई पंचायत का पहला पुरस्कार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर पंचायतों के सशक्तीकरण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राज्यों व पंचायतों को विभिन्न पुरस्कारों से वर्चुअल तरीके से सम्मानित किया। पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए ई-सिस्टम (ऑनलाइन) के उपयोग को सुविधाजनक बनाने में अनुकरणीय प्रयासों के लिए यूपी को राष्ट्रीय स्तर पर ई-पंचायत के प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा दो जिला पंचायतों, चार क्षेत्र पंचायतों व 29 ग्राम पंचायतों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पंचायती राज निदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्रदेश की दो जिला पंचायतों हापुड़ व शामली को दीनदयाल पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार (पुरस्कार राशि, 50-50 लाख रुपए) से नवाजा गया।



Press Information Bureau
Govt. of India, Delhi

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Rajasthan Patrika, Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 12

## कोरोना को गांवों तक फैलने से रोकना चुनौती है : मोदी

**नई दिल्ली. @ पत्रिका.** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के मौके पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचायतों को वर्चुअल तरीके से संबोधित करते हुए कहा, इस साल भी हमारे सामने चुनौती गांवों तक कोरोना संक्रमण को पहुंचने से रोकने की है। हम सबको मिलकर कोरोना को गांव तक पहुंचने से रोकना होगा। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी दिए। इस मौके पर स्वामित्व योजना के अंतर्गत लोगों को ई-संपत्ति कार्ड भी दिए गए।

**Newspaper : Rajasthan Patrika, Delhi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No : 3

# राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**गुरुग्राम @ पत्रिका.** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर गुरुग्राम जिला सहित पूरे देश में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। गुरुग्राम में यह कार्यक्रम दूसरी मंजिल पर वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में पंचायत पुरस्कार के बारे में बताया गया। इस वर्ष गुरुग्राम जिला की पंचायत समिति पटौदी ने 02 श्रेणियों - "दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार 2021 " तथा ग्राम पंचायत मिर्जापुर ने उत्कृष्ट"ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार 2021" प्राप्त किया है। पुरस्कार राशि पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से सीधे पंचायतों के बैंक खातों में जमा करवाई गई है। गुरुग्राम में यह पुरस्कार वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय कृषि मंत्री की ओर से जिला गुरुग्राम के उपायुक्त डॉ यश गर्ग ने जिला परिषद की कार्यकारी अधिकारी अनु श्योकंद, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंदर सारवान की उपस्थिति में खंड विकास एव पंचायत अधिकारी पटौदी नवनीत कौर को दिया।



पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

Press Information Bureau
Govt. of India, Delhi

**Newspaper : Chambal Sandesh, Kota**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Page No. : 3

# कोटा जिला परिषद को वर्चुअल समारोह में प्रधानमंत्री ने प्रदान किया 50 लाख का पुरुस्कार

**संदेश न्यूज। कोटा.** पंचायतीराज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित वर्चुवल समारोह में शनिवार को कोटा जिला परिषद को दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरुस्कार के तहत 50 लाख रुपए से सम्मानित किया गया। पुरुस्कार की यह राशि बैंक खाते में ऑनलाइन अंतरित की जाएगी। वर्चुअल समारोह में कोटा एनआईसी वीसी कक्ष से अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन नरेन्द्र जैन सहित सम्बंधित अधिकारी ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त कलक्टर ने केंद्र सरकार से प्राप्त प्रमाण पत्र की प्रति सौंप कर अधिकारियों को बधाई प्रेषित की।

**Newspaper : Economic Times, Delhi**
Language : English
Date : 25.4.2021
Page No. : 2



## Govt Working to Empower Panchayats, says Modi

More funds, modern facilities given; transparency expected

**Our Political Bureau**

**New Delhi:** Prime Minister Narendra Modi has said his government is allocating an unprecedented Rs 2.25 Lakh Crore to Panchayats across the country as part of efforts to further empower them through modern governance methods like digitisation and online functioning. Along with these measures, there is also the expectation that these local bodies will become more transparent and accountable in the coming days, he said.

Addressing panchayats nationwide through video-conferencing on Panchayati Raj Day, Modi spoke on the various steps taken to enhance the role of these rural local bodies. This includes new rights, connectivity through fibre-net, payment of funds through online methods, involvement in the ambitious Jal Jeevan Mission for providing clean drinking water by tap to every household and so on.

The movement to provide pukka village to every poor person or rural employment schemes are also being run through Panchayats. The Prime Minister referred to the growing financial autonomy of the Panchayats, saying the Centre has allocated an unprecedented Rs 2.25 lakh crore to them. "This also leads to higher expectation of transparency in accounts. The Panchayati Raj Ministry has made arrangements of online payment through 'e-Gram Swaraj'. Now all payments will be through the Public Finance Management System (PFMS). Similarly, online audits will ensure transparency," Modi said.





**Newspaper : Eenadu**
Language : Telugu
Place of Publication : Hyderabad
Date : 25.4.2021
Page No : 12



ఈనాడు
epaper.eenadu.net

## కరోనాను గ్రామాలకు రానీయొద్దు

ప్రధాని మోదీ పిలుపు

Date : 25/04/2021
EditionName : TELANGANA
PageNo :

**Newspaper : Andhra Prabha**
Language : Telugu
Place of Publication : Hyderabad
Date : 25.4.2021
Page No : 7



పల్లెలు పదిలం..!

**Village should come together to prevent the second wave**
Fight on Corona is good
Local leaders are most important
**PM Modi on National Panchayati Raj Day**





**Newspaper : Ajit Samachar**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021



प्रधानमंत्री ने नूरपुर लुबाणा व संगोजला गांवों की पंचायतों को केन्द्रीय पुरस्कारों से नवाज़ा

* डी.सी. ने दोनों गांवों के सरपंचों को दिए सम्मान पत्र * 5-5 लाख की सम्मान राशि प्रधानमंत्री ने पंचायतों के खातों में सीधी भेजी

**Don't let the Corona enter into villages**
PM Modi's call to the Panchayats

Press Information Bureau
Govt. of India, Jalandhar
पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Ajit Samachar**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# गांवों तक संक्रमण फैलने से रोकना होगा : मोदी



नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत ई-संपत्ति कार्डों के वितरण का शुभारंभ करते हुए गांवों में कोरोना संक्रमण रोकने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने चार लाख से अधिक संपत्ति मालिकों को उनके ई-संपत्ति कार्ड

(शेष पृष्ठ 2 पर)

## गांवों तक संक्रमण फैलने से रोकना ...

वितरित करते हुए ग्राम पंचायतों से कोरोना की जंग में अहम भूमिका निभाने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आप सभी ने बड़ी कुशलता से, न सिर्फ कोरोना को गांवों में पहुंचने से रोका, बल्कि गांव में जागरूकता पहुंचाने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई। इस वर्ष भी हमारे सामने चुनौती गांवों तक इस संक्रमण को पहुंचने से रोकने की है। एक साल पहले जब हम पंचायती राज दिवस के लिए मिले थे, तब पूरा देश कोरोना से मुकाबला कर रहा था।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2021 के तहत 224 पंचायतों को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार, 30 ग्राम पंचायतों को नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार, 29 ग्राम पंचायतों को ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार, 30 ग्राम पंचायतों को बच्चों के अनुकूल ग्राम पंचायत पुरस्कार और 12 राज्यों को ई-पंचायत पुरस्कार प्रदान किया।



**Newspaper : Jag Marg**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# पिछले साल से बड़ी है इस बार कोविड-19 की चुनौती: मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोविड-19 की जिस मौजूदा चुनौती का देश सामना कर रहा है वह पिछले साल के मुकाबले बड़ी है। उन्होंने किसी भी सूरत में इस महामारी को गांवों तक पहुंचने से रोकने के हरसंभव प्रयास सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पंचायती राज दिवस के मौके पर डिजिटल माध्यम से आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना की शुरुआत की। इसके तहत चार लाख से अधिक लोगों के बीच उनकी सम्पत्ति के ई-प्रापर्टी कार्ड वितरित किए। साथ ही वर्ष 2021 के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। उन्होंने विश्वास जताया कि संक्रमण को गांवों में फैलने से रोकने में हमें सफलता मिलेगी।

Press Information Bureau
Govt. of India, Jalandhar

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper** : **Punjab Kesari**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

प्रधानमंत्री ने की स्वामित्व योजना की शुरुआत, 4,09,945 ग्रामीण परिवारों को मिला घर का मालिकाना हक

# कोरोना की चुनौती पिछले साल से भी बड़ी, गांवों तक पहुंचने से हर हाल में रोकें पंचायतें



■ 224 पंचायतों को दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार

ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत तकनीक से मानचित्रण है स्वामित्व योजना

**Newspaper** : **Dainik Jagran**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021

# गांवों में न पहुंचने दें कोरोना : मोदी

## कोरोना से जंग में पीएम ने की पंचायतों के योगदान की सराहना



यह भी बोले पीएम

**Newspaper** : **Jag Marg**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021



# प्रधानमंत्री ने पुरस्कृत पंचायतों को बधाई दी

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में किया संबोधित



Press Information Bureau
Govt. of India, Jalandhar

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper** : **Jag Bani**
Language : Punjabi
Date : 25.4.2021



ਪ੍ਰਧਾਨ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਕੀਤੀ ਸਵਾਮਿਤਵ ਯੋਜਨਾ ਦੀ ਸ਼ੁਰੂਆਤ

# ਕੋਰੋਨਾ ਦੀ ਚੁਣੌਤੀ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਨਾਲੋਂ ਵੀ ਵੱਡੀ, ਪਿੰਡਾਂ ਤਕ ਪਹੁੰਚਣ ਤੋਂ ਹਰ ਹਾਲਤ 'ਚ ਰੋਕਣ ਪੰਚਾਇਤਾਂ

**प्रधानमंत्री ने की स्वामित्व योजना की शुरुआत**
**कोरोना की चुनौती पिछले साल से भी बड़ी, गाँव तक पहुंचने से हर हाल में रोकें पंचायतें**

**Newspaper** : **Dainik Jagran**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021



# गांवों में न पहुंचने दें कोरोना : मोदी

## कोरोना से जंग में पीएम ने की पंचायतों के योगदान की सराहना

**यह भी बोले पीएम**



Press Information Bureau
Govt. of India, Jalandhar

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper** : **Punjabi Jagran**
Language : Punjabi
Date : 25.4.2021



# ਪਿੰਡਾਂ 'ਚ ਨਾ ਪੁੱਜਣ ਦਿਓ ਕੋਰੋਨਾ : ਮੋਦੀ

ਕੌਮੀ ਪੰਚਾਇਤੀ ਰਾਜ ਦਿਵਸ ਮੌਕੇ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਪ੍ਰਧਾਨ ਮੰਤਰੀ ਨਰਿੰਦਰ ਮੋਦੀ।

**ਕੋਈ ਪਰਿਵਾਰ ਭੁੱਖਾ ਨਾ ਰਹੇ**

**ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਪੰਚਾਇਤ ਐਵਾਰਡ**

गाँव मे न पहुचे कोरोनाः मोदी

Press Information Bureau
Govt. of India, Jalandhar

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper** : **Ajit**
Language : Punjabi
Date : 25.4.2021



## ਕੋਰੋਨਾ ਨੂੰ ਪਿੰਡਾਂ ਤੱਕ ਪਹੁੰਚਣ ਤੋਂ ਹਰ ਹਾਲ 'ਚ ਬਚਾਉਣਾ ਹੋਵੇਗਾ-ਮੋਦੀ

**कोरोना को गाँव तक पहुंचने से हर हाल में बचाना होगा : मोदी**



**Newspaper** : **Spokesman**
Language : Punjabi
Date : 25.4.2021



## ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਤੋਂ ਵੱਡੀ ਹੈ ਇਸ ਵਾਰ ਕੋਵਿਡ-19 ਦੀ ਚੁਣੌਤੀ : ਮੋਦੀ

● ਕਿਹਾ, ਵਾਇਰਸ ਨੂੰ ਪਿੰਡਾਂ ਤਕ ਪਹੁੰਚਣ ਤੋਂ ਰੋਕਣਾ ਹੈ



● ਪੰਚਾਇਤੀ ਰਾਜ ਦਿਵਸ ਮੌਕੇ 4 ਲੱਖ ਤੋਂ ਵਧੇਰੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਈ-ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਕਾਰਡ ਵੰਡੇ

### ਇਸ ਮੁਸ਼ਕਲ ਸਮੇਂ 'ਚ ਕੋਈ ਵੀ ਪ੍ਰਵਾਰ ਭੁੱਖਾ ਨਾ ਸੌਂਵੇ

**पिछले साल से बड़ी है इस बार कोविड १९ की चुनौती : मोदी**
**कहा, वायरस को गाँव तक पहुंचने से रोकना है**

**Newspaper** : **Rashtriya Sahara**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Patna



# चुनौती है बड़ी, गांवों में न पहुंच पाए कोरोना : मोदी

**प्रधानमंत्री ने की स्वामित्व योजना की शुरुआत**





**Newspaper** : **Dainik Jagran**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Patna



# गांवों में न पहुंचने दें कोरोना : मोदी

## कोरोना से जंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की पंचायतों के योगदान की सराहना

**संदेश**

- राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर स्वामित्व योजना की देशव्यापी शुरुआत
- योजना के तहत 2025 तक 6.62 लाख गांवों को ई-प्रॉपर्टी कार्ड देने का है लक्ष्य

**सरकार ने वैक्सीन व आक्सीजन पर आयात शुल्क हटाया**

**उद्योग जगत की पूरी आक्सीजन देगी लोगों को सांसें**

**Newspaper : Sanmarg**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Patna



पीएम मोदी ने 'स्वामित्व योजना' का किया शुभारंभ

# चार लाख, नौ हजार ग्रामीण परिवारों को मिला मकान का मालिकाना हक

- देश के 80 करोड़ लोगों को अगले दो माह तक मिलेगा मुफ्त खाद्यान्न
- 409945 ग्रामीण परिवारों को वितरित किये गये 'ई-प्रापर्टी कार्ड'

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के चार लाख नौ हजार ग्रामीण परिवारों को शनिवार को उनके मकान का मालिकाना हक मिल गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों को अगले दो माह तक मुफ्त खाद्यान्न मिलेगा जिस पर केंद्र सरकार 26 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। पीएम मोदी ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से देश के 409945 ग्रामीण परिवारों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत ई-प्रापर्टी कार्ड दे कर उन्हें उनके मकान का मालिकाना हक प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना को पूरे देश में लागू किए जाने का शुभारंभ भी किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार विजेता

शेष पेज 11 पर



पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

Press Information Bureau
Govt. of India, Patna

**Newspaper : Hindustan**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Patna



# गांवों तक संक्रमण पहुंचने से रोकना होगा

आह्वान

नई दिल्ली | एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 की जिस मौजूदा चुनौती का देश सामना कर रहा है वह पिछले साल के मुकाबले बड़ी है। उन्होंने किसी भी सूरत में इस महामारी को गांवों तक पहुंचने से रोकने के हरसंभव प्रयास सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पंचायती राज दिवस के मौके पर डिजिटल माध्यम से आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना की शुरुआत की।

कोविड-19 के बढ़ते मामलों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी से बचाव के उपायों का पालन करने का आग्रह किया और कहा, 'जो भी दिशा-निर्देश समय-समय पर जारी होते हैं, उनका पूरा पालन गांव में हो, हमें ये सुनिश्चित करना होगा। इस बार हमारे पास टीके का एक सुरक्षा कवच भी है। इसलिए हमें सारी सावधानियों का पालन भी करना है और ये भी सुनिश्चित करना है कि गांव के हर एक व्यक्ति को टीके की दोनों खुराक लगे।' इस मुश्किल समय में कोई भी परिवार भूखा ना सोए, ये भी देश की जिम्मेदारी है और इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन देने की योजना को मई और जून तक आगे बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री ने पंचायती राज दिवसपर डिजिटल माध्यम से एक समारोह में प्रधानमंत्री ने स्वामित्व 'योजना की शुरुआत की।

### दवाई भी और कड़ाई भी का मंत्र जरूरी

मोदी ने कहा, 'पिछले साल भी आपने इस संक्रमण को गांवों में फैलने से रोका था। पंचायतों ने गांव में जागरूकता पहुंचाने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। इस वर्ष भी हमारे सामने चुनौती गांवों तक इस संक्रमण को पहुंचने से रोकने की है। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में पंचायतों का मंत्र दवाई भी और कड़ाई भी का होना चाहिए।

**Newspaper : Dainik Bhaskar**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Patna



राष्ट्रीय पंचायत दिवस • पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली स्वामित्व योजना और ई-प्रोपर्टी कार्ड योजना को किया लॉन्च

# प्रदेश की पंचायती राज व्यवस्था की 12 संस्थाएं सम्मानित

## पंचायतों के सर्वांगीण विकास के बिना देश का विकास असंभव



Press Information Bureau
Govt. of India, Patna

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper : Times of India**
Language : English
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Patna



NATION

# Stall 2nd wave of pandemic from reaching rural India: PM

Times News Network

**New Delhi:** Lauding the role played by villages in containing the corona virus earlier, Prime Minister Narendra Modi Saturday urged panchayats to stall "by all means" the second wave of pandemic from reaching the rural areas, noting the challenge was bigger this year.

PM Modi pushed for vaccination in villages, saying, "This time we have the shield of vaccine. We have to ensure that every person in the village is vaccinated and every precaution is taken." He repeated his advice of "dawai bhi, kadai bhi".

Speaking at a virtual event on Panchayati Raj Day to distribute e-property cards under the "swamitva" scheme which was attended by the CMs of eight states and panchayat representatives, Modi said, "I have this confidence that if someone is going to emerge victorious first in this fight against the coronavirus, it is going to be India's villages, the leadership of these villages.... The people of the villages will show the way to the country and the world."

He said the government had made villages the focus of its policies with a big allocation of Rs 2.25 lakh crore to panchayats. He said panchayats were getting internet connection through fibre and stressed the Jal Jeevan mission to provide tap water to every household.

**He said panchayats were getting internet connection through fibre and stressed the Jal Jeevan mission to provide tap water to every household**

According to the government, the Swamitva scheme, which will cover 6.62 lakh villages by 2025, has the potential to transform rural India using modern technical tools of mapping and surveying. It will enable the villagers to use a property as a financial asset for availing loans and other financial benefits.

The pilot phase of the scheme was implemented during 2020-2021 in Maharashtra, Karnataka, Haryana, Uttar Pradesh, Uttarakhand, Madhya Pradesh and select villages of Punjab and Rajasthan. The scheme will now be rolled out nationally.

Modi also conferred the National Panchayat Awards 2021 under various categories.

**Newspaper** : **Navabharat**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Raipur
Page No : 1

# कोरोना को गांवों में पहुंचने से रोकें : मोदी

## पंचायती राज दिवस पर भी कोरोना को लेकर चिंता

**स्वामित्व योजना के तहत ई-संपत्ति कार्डों के वितरण का शुभारम्भ**

**गांवों में कोरोना से बचने के प्रोटोकॉल को लागू करना बेहद जरूरी**



### एक क्लिक और राशि ट्रांसफर

प्रधानमंत्री ने एक बटन पर क्लिक के माध्यम से पांच लाख रुपए से 50 लाख रुपए तक की पुरस्कार राशि (अनुदान सहायता के रूप में) हस्तांतरित की. ऐसा पहली बार हुआ है कि यह धनराशि रियल टाइम आधार पर पंचायतों के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित हुई.

एजेंसी. । नई दिल्ली.
www.navabharat.news

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 की जिस वर्तमान चुनौती का देश सामना कर रहा है वह पिछले वर्ष के मुकाबले बड़ी है. उन्होंने किसी भी सूरत में इस महामारी को गांवों तक पहुंचने से रोकने के हरसंभव प्रयास सुनिश्चित करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि आज की तारीख में पंचायतों का मंत्र दवाई भी और कड़ाई भी का होना चाहिए.

पंचायती राज दिवस के मौके पर डिजिटल माध्यम से आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना की शुरुआत की. इसके तहत चार लाख से अधिक लोगों के बीच उनकी सम्पत्ति के ई-प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए. साथ ही वर्ष 2021 के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए. इस अवसर पर उन्होंने विश्वास जताया कि जिस प्रकार पिछले वर्ष कोविड-19 के संक्रमण को गांवों में फैलने से रोकने में सफलता मिली थी, उसी प्रकार इस बार भी इसमें सफलता मिलेगी.



Press Information Bureau
Govt. of India, Raipur
पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

**Newspaper** : **Pioneer**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Raipur
Page No : 1

# देश की 224 पंचायतों को प्रधानमंत्री ने किया पुरस्कृत

वार्ता < नई दिल्ली/देहरादून
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर उत्तराखंड की 10 पंचायतों को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित किया। पूरे देश भर से अलग-अलग श्रेणियों में कुल 224 पंचायतों को 'दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार' से पुरस्कृत किया गया। इसमें उत्तराखंड की देहरादून जिले की चार, उत्तरकाशी की तीन और रुद्रप्रयाग, पौड़ी और पिथौरागढ़ की एक-एक पंचायत शामिल है। इस बार कोरोना संक्रमण की वजह से प्रधानमंत्री ने इन पुरस्कारों को वर्चुअल तरीके से वितरित किए गए। इतना ही नहीं, पुरस्कार पाने वाले इन पंचायतों को पांच लाख से 50 लाख तक की पुरस्कार राशि भी हस्तांतरित की गई।



मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने पुरस्कार पाने वाले सभी पंचायत प्रतिनिधियों को शुभकामना दी है। मुख्यमंत्री के कहा कि पंचायतों के विकास लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। प्रदेश के सचिव पंचायती राज हरीश सेमवाल ने बताया कि 'दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार' के तहत जिला पंचायत पिथौरागढ़, क्षेत्र पंचायत जखोली (रुद्रप्रयाग), क्षेत्र पंचायत द्वारीखाल (पौड़ी), ग्राम पंचायत सिमलास ग्रांट - डोईवाला (देहरादून), ग्राम पंचायत मथ, पुरोला (उत्तरकाशी), ग्राम पंचायत देवजानि मोरी (उत्तरकाशी) एवं ग्राम पंचायत पुरोहित वाला सहसपुर (देहरादून) को पुरस्कृत किया गया है। जबकि नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा का पुरस्कार ग्राम पंचायत दिवाड़ी नौगांव (उत्तरकाशी), ग्राम पंचायत विकास योजना का पुरस्कार ग्राम पंचायत अटक फॉर्म सहसपुर (देहरादून) एवं बाल हितैषी ग्राम पंचायत पुरस्कार बादाम वाला सहसपुर (देहरादून) को दिया गया है। सम्बन्धित जनपदों के जिला अधिकारियों ने यह पुरस्कार प्रधानमंत्री की ओर से सम्बंधित क्षेत्र प्रतिनिधियों को प्रदान किये।

Newspaper : Naidunia
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Raipur
Page No : 1

# गांवों में न पहुंचने दें कोरोना: मोदी

**चुनौती** ● कोरोना से जंग में प्रधानमंत्री ने की पंचायतों के योगदान की सराहना

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर स्वामित्व योजना की देशव्यापी शुरुआत

योजना के तहत 2025 तक 6.62 लाख गांवों को ई-प्रॉपर्टी कार्ड देने का है लक्ष्य



### दिए गए राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड



Press Information Bureau
Govt. of India, Raipur

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार
Ministry of Panchayati Raj
Government of India
पंचायती राज

Newspaper : The Hitavada
Language : English
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Raipur
Page No : 1

# Ensure COVID does not hit villages: PM Modi tells panchayats, praises their efforts during pandemic

NEW DELHI, Apr 24 (PTI)

PRIME Minister Narendra Modi on Saturday called for ensuring that the COVID-19 pandemic is stopped from spreading to villages "by all means" and every person in rural areas is vaccinated, as he noted that the challenge before the country at present is bigger than last year.

Appreciating the role of panchayats in the management of coronavirus, especially in creating awareness, Modi asked the local leadership to work towards "complete implementation of guidelines" that are being issued from time to time.

"I have this confidence that if someone is going to emerge victorious first in this fight against the coronavirus, it is going to be India's villages, the leadership of these villages... The people of the villages will show the way to the country and the world," the Prime Minister said.



Prime Minister Modi addressing on the occasion of the National Panchayati Raj Day 2021 in New Delhi on Saturday. (ANI)

Modi was speaking at a virtual event to launch the distribution of e-property cards under the 'SWAMITVA' scheme on the National Panchayati Raj Day. Chief ministers of eight states and a large number of local body representatives were also connected to the event virtually.

Underlining that the pandemic was prevented from affecting rural areas last year, he caused confidence that the success can be replicated as the local leadership now has experience as well as knowledge.

Emphasising the need to get vaccinated, Modi said, "This time we have the shield of vaccine. We have to ensure that every person in the village is vaccinated and every precaution is taken."

He also stressed the need for precaution along with vaccination and said, "Right now, the mantra of the panchayats should be dawai bhi, kadai bhi" (medicine as well as strictness).

To help the poor during this period, the Centre has decided to provide them free ration for May and June, the Prime Minister noted, adding this will benefit over 80 crore people and cost the Government Rs 26,000 crore.

Modi also conferred the National Panchayat Awards 2021 under various categories. He transferred the award money, ranging from Rs 5 lakh to Rs 50 lakh, as grants-in-aid, by clicking a button, the PMO said in a statement.

For the first time, the amount has been directly transferred to the bank account of the panchayats concerned in real-time, the Government said.

The scheme will cover around 6.62 lakh villages of the entire country between 2021 and 2025, it said.

**Newspaper** : **Haribhoomi**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Raipur
Page No : 1

# पंचायती राज पर छत्तीसगढ़ को मिले 12 पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केंद्रीय पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा दिए जाने वाले राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2021 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को 12 पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के मौके पर नई दिल्ली में आयोजित वर्चुअल समारोह में ▸▸ शेष पेज 03 पर

## इन पंचायतों को पुरस्कार

प्रदेश की पंचायतों में आईसीटी (इन्फर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नालाजी) के इस्तेमाल में बेहतर प्रदर्शन के लिए भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को ई-पंचायत पुरस्कार प्रदान किया गया। तीन अलग-अलग वर्गों में दिए जाने वाले इस पुरस्कार में छत्तीसगढ़ को प्रथम वर्ग में असम के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान मिला। वहीं केन्द्रीय पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा कोंडागांव जिला ▸▸ शेष पेज 03 पर

## पंचायती राज पर छत्तीसगढ़ ...

विजेता पंचायतों के खातों में पुरस्कार राशि का ऑनलाइन अंतरण किया। केंद्रीय पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव और राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पुरस्कार समारोह में वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े। उन्होंने पुरस्कार हासिल करने वाली सभी पंचायतों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब प्रदेश की पंचायतीराज संस्थाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर के 12 पुरस्कारों से नवाजा गया है। वर्ष 2020 में भी प्रदेश को ई-पंचायत पुरस्कार और 11 पंचायतीराज संस्थाओं को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया था। उससे पहले 2019 में भी प्रदेश की पंचायतों को 11 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए थे। पुरस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी और विनोद वर्मा, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. और संचालक पंचायत मोहम्मद कैसर अब्दुलहक भी वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े थे।





**Newspaper** : **Aawaz**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Dhanbad
Page No : 6

आवाज़, धनबाद, पेज 6

चिंता : पंचायत राज दिवस में भी कोरोना महामारी पर चर्चा

# अपने गांवों के पहरेदार बनें, रोकें संक्रमण : मोदी

- कहा - गांव के हर व्यक्ति को लगे कोविड टीका



पीएम मोदी

एजेंसी । 24 अप्रैल

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पंचायती राज दिवस का ये दिन ग्रामीण भारत के नवनिर्माण के संकल्पों को दोहराने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। ये दिन हमारी ग्राम पंचायतों के योगदान और उनके असाधारण कामों को देखने, समझने और उनकी सराहना करने का भी दिन है। इस दौरान महामारी पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आप सबने पिछली बार भी कोरोना को गांव तक पहुंचने से रोका था, इस बार फिर से गांवों की पहरेदारी करने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर कोरोना को गांव तक पहुंचने से रोकना ही होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्वामित्व योजना के अंतर्गत ई-संपत्ति कार्डों के वितरण का शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने पंचायती राज दिवस के मौके पर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2021 भी दिए। इस मौके पर 9 राज्यों के लगभग 5200 गांवों के 4.09 लाख संपत्ति मालिकों को उनके ई-संपत्ति कार्ड दिए गए। पीएम मोदी ने शनिवार को पंचायतों को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल पहले जब हम पंचायती राज दिवस के लिए मिले थे, तब पूरा देश कोरोना से मुकाबला कर रहा था। तब मैंने आग्रह किया था कि कोरोना को गांव में पहुंचने से रोकने में अपनी भूमिका निभाएं। आप सभी ने बड़ी कुशलता से, ना सिर्फ कोरोना को गांवों में पहुंचने से रोका बल्कि गांव में जागरूकता पहुंचाने में भी बहुत अहम भूमिका निभाई। इस साल भी हमारे सामने चुनौती गांवों तक इस संक्रमण को पहुंचने से रोकने की है। हम सबको मिलकर कोरोना को गांव तक पहुंचने से रोकना ही होगा। पीएम मोदी ने कहा कि आप लोगों को सुनिश्चित करना होगा कि जो भी गाइडलाइंस समय-समय पर जारी होती हैं, उनका पूरा पालन गांव में हो। इस मुश्किल समय में कोई भी परिवार भूखा ना सोए, ये भी हमारी जिम्मेदारी है। इसका हम सबको ध्यान रखना है।

## पंचायतों को दिए गए ये पुरस्कार

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के तहत 224 पंचायतों को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार, 30 ग्राम पंचायतों को नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार, 29 ग्राम पंचायतों को ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार, 30 ग्राम पंचायतों को बच्चों के अनुकूल ग्राम पंचायत पुरस्कार और 12 राज्यों को ई-पंचायत पुरस्कार दिए गए। पीएम मोदी ने सभी पुरस्कृत पंचायतों के बैंक खातों में पुरस्कार राशि ट्रांसफर की।

**Newspaper** : **Freedom Fighter**
Language : Hindi
Date : 25.4.2021
Place of Publication : Ranchi
Page No : 1

nchi@gmail.com / epaper.freedomfighternewspaper.com

फ्रीडम फाइटर, रांची, पेज 1

# गांवों में कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा सुनिश्चित : मोदी

■ स्वामित्व योजना की शुरुआत पर चार लाख से ज्यादा संपत्ति मालिकों को ई-प्रॉपर्टी कार्ड वितरित



